भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
17.07.2019 के
अतारांकित प्रश्न सं. 3995 का उत्तर

स्टेशनों पर स्वचालित सीढ़ियां

3995. श्री अनुभव मोहंतीः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का उन सभी रेलवे स्टेशनों पर स्वचालित सीढ़ियां प्रदान करने का प्रस्ताव है जहां 25000 से अधिक यात्री आवागमन करते हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने उन सभी रेलवे स्टेशनों की सूची बनाई है जहां यात्रियों का आवागमन 25,000 से अधिक है और क्या इस परियोजना के लिए कोई बजटीय आबंटन किया गया है; और

(ग) यदि हां, तो आबंटित राशि का ब्यौरा क्या है और परियोजना को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (ग): जी नहीं। भारतीय रेल सभी रेलवे स्टेशनों में जहां प्रतिदिन 25,000 से अधिक का औसतन फुट-फॉल होता है, पर एस्केलेटर मुहैया कराने का प्रस्ताव नहीं है। भारतीय रेल के संशोधित नीति दिशा-निर्देशों के अनुसार, घटती प्राथमिकता के क्रम में एस्केलेटर मुहैया कराए जाने हैं, जो निम्नानुसार है:-

I. माननीय प्रधानमंत्री और माननीय रेल मंत्री द्वारा सार्वजनिक घोषणा।

II. राज्य की राजधानियां।

III. 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले शहर।

IV. उच्चतम फुट-फॉल से न्यूनतम फुट-फॉल तक शुरू होने वाले अन्य स्टेशन, बशर्ते जिनका न्यूनतम फुट-फॉल 25,000 प्रतिदिन का हो।

V. पर्यटक महत्व वाले स्थानों, माननीय जनप्रतिनिधियों/संसदीय समितियों से अनुरोध।

भारतीय रेल के सभी स्टेशनों की सूची उनके तदनुरूपी औसतन फुट-फॉल प्रतिदिन के साथ उपलब्ध है।

चालू वित्त वर्ष में एस्केलेटर के प्रावधान हेतु लगभग 85 करोड़ रु. आबंटित किए गए हैं और एस्केलेटरों के प्रावधान हेतु सभी चालू/स्वीकृत कार्यों को 2023-24 तक पूरा किए जाने का लक्ष्य रखा गया है।

******

Sk